# ब्रिटिश कंपनियों ने तलाशीं निवेश की संभावनाएं




गोमती नगर स्थित इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में ब्रिटेन की कंपनियों के प्रतिनिधियों ने इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश से मुलाकात की। -विभाग

लखनऊ। इन्वेस्ट यूपी ने फिक्की और इनोवेट यूके के व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रदेश में निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए चर्चा की।

गोमती नगर स्थित इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में मंगलवार को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के सचिव व इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश ने इनोवेट यूके की यूके-इंडिया पार्टनरशिप मैनेजर चार्ली फ्रेजर के साथ उनके 17-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। उन्होंने राज्य में उपलब्ध मजबूत अवस्थापना सुविधाओं के साथ निवेश-अनुकूल नीतियों और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के बारे में विस्तार से बताया।

## निवेश अनुकूल नीतियां विदेशी निवेशकों को कर रहे आकर्षित : अभिषेक प्रकाश

उन्होंने कहा कि हमने प्रयागराज में महाकुंभ का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जो दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम था, जिसमें 65 करोड़ से अधिक लोग एकत्र हुए थे। यूके की इनोवेशन एजेंसी इनोवेट यूके ग्लोबल बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम के तहत 13 कंपनियों के साथ यूपी आई हैं। ब्यूरो